-

<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>26.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे</u>

<u>प्रधानमंत्री संबोधन – वीर बाल दिवस कार्यक्रम</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज वीर बाल दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी। इस वर्ष इस पुरस्कार के लिए 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को बहादुरी, खेल और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए चुना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में वीर बाल दिवस के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा बच्चों और युवाओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेता भी उपस्थित रहेंगे।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे बिलासपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर से सिंथेटिक ट्रैक लुहणू मैदान तक आयोजित की जा रही एंटी चिट्टा वॉकाथॉन में भाग लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री विभिन्न विकासात्मक कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे।

<u>सम्मेलन</u>

दिल्ली में आज से 28 दिसंबर तक होने जा रहे मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्यों से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से उठाएगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाले इस सम्मेलन में हिमाचल की ओर से मुख्य सचिव संजय गुप्ता और अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश कंवर हिस्सा लेंगे।'विकसित भारत' के लक्ष्य को ध्यान में रखकर आयोजित इस सम्मेलन में ह्यूमन कैपिटल, सुशासन, प्रशासनिक सुधार, नीति समन्वय और सतत विकास से जुड़े पांच प्रमुख विषयों पर चर्चा होगी, जबकि थिमेटिक मील के दौरान आयुष क्षेत्र पर भी विशेष मंथन प्रस्तावित है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाना, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना और राज्यों की विशेष जरूरतों को राष्ट्रीय स्तर पर सामने रखना है।

केंद्र सरकार द्वारा न्यूजीलैंड से मुक्त व्यापार समझौते, एफटीए के तहत सेब पर 50 फीसदी आयात शुल्क को कम करके इसे 25 प्रतिशत करने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ठियोग से कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने रोष जताया है। उन्होंने केंद्र सरकार को सेब पर आयात शुल्क को कम न करने की मांग की हैं।

<u>कृषि मंत्री</u>

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार सरकारी शिक्षण संस्थानों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ाने के बजाय उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कम संख्या वाले शिक्षण संस्थानों को निकटवर्ती बेहतर संस्थानों के साथ जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल सके। उन्होंने ये बात काँगड़ा के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घाड़ जरोट के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही ।

टीबी मुक्त अभियान

आकांक्षी जिला चम्बा को टीबी मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार का टीबी मुक्त भारत अभियान प्रगति पर है। इस अभियान के तहत फील्ड में जाकर स्वास्थ्य कर्मी रोगियों की पहचान कर उनका उपचार कर रहे हैं। वर्तमान में जिला चम्बा में 700 के करीब टीबी रोगियों का उपचार चल रहा है।

टीबी मुक्त भारत अभियान के आने के बाद इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए जिला चंबा में बेहतर कार्य हुआ है। बलगम की जांच के लिए जहां जिला चम्बा में 17 जांच केंद्र चल रहे हैं वहीं 2 हैंड हेल्ड मशीनों व मोबाइल वैन के माध्यम से भी गांव गांव जाकर स्वास्थ्य कर्मी लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं ताकि टीवी के लक्षण पाए जाने पर तुरंत इसका उपचार शुरू किया जा सके। वहीं निक्ष्य पोषण योजना के तहत भी टी बी रोगियों को सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि ऐसे रोगियों को सही पोषण मुहैया करवाया जा सके। टीवी रोगियों के पोषण के लिए मिलने वाली धनराशि में भी हाल ही में भारत सरकार ने इजाफा किया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है की अगर टीवी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें क्यूंकि ये लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर उपचार से इस बीमारी को जड़ से ख़त्म किया जा सकता है।

मौसम

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते आज अधिकतर क्षेत्रों में बादल छाए हैं. इस बदलाव से मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के ऊंचे इलाकों में हल्के हिमपात की संभावना जताई है . विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों तक प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा , जिससे ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात और वर्षा की संभावना बनी है जबकि मैदानी व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहेगा।